# 106467 - वह पेट के अल्सर से पेड़ित है और डॉक्टरों ने उसे रोज़ा न रखने की सलाह दी है

## प्रश्न

उसे आठ साल से पेट का अल्सर है, और उसका अभी भी इलाज चल रहा है। बीमारी के बढ़ने से बचने के लिए डॉक्टरों ने उसे रोज़ा न रखने की सलाह दी है। क्या उसके लिए ऐसा करना जायज़ है ?

## विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

“उसके लिए रोज़ा तोड़ना जायज़ है, और अगर उसके ठीक होने की उम्मीद है तो उसपर स्वस्थ होने के बाद उसकी क़ज़ा करना अनिवार्य है। लेकिन अगर मामला इसके विपरीत है और यह संभावना नहीं है कि वह उस बीमारी से ठीक हो जाएगा, तो वह रमज़ान के महीने में हर दिन के बदले [एक ग़रीब व्यक्ति को] खाना खिलाएगा।” उद्धरण समाप्त हुआ।

“फतावा अश-शैख मुहम्मद बिन इबराहीम रहिमहुल्लाह” (4/180)।